# नगर निगम, गोरखपुर

## अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम गोरखपुर के पथ प्रकाश विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–2024 में **मोहर्रम पर्व** पर कराये जाने वाले अस्थाई प्रकाश व्यवस्था के लिये दर निर्धारण किये जाने हेतु **उ0प्र0 शासन द्वारा जारी "क" श्रेणी विद्युत लाइसेन्स** हो, से मुहरबंद अल्पकालीन निविदा दिनाँक 17.07.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अपर नगर आयुक्त कार्यालय, नगर निगम गोरखपुर कक्ष में खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री पथ प्रकाश विभाग, नगर निगम गोरखपुर से निर्धारित निविदा मूल्य 500+GST जमा कर दिनाँक 16.07.2023 तक अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के साथ रूपया 50,000.00 धरोहर धनराशि के रूप में जमा करना होगा। विस्तुत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में पथ प्रकाश कार्यालय अथवा नगर निगम, गोरखपुर की http://nagarnigamgkp.org देखी जा सकती है।

13/7/23
प्रभारी अधिकारी (पथ प्रकाश),
नगर निगम, गोरखपुर

13/7/23
नगर आयुक्त,
नगर निगम, गोरखपुर

14.07.23

# नगर निगम, गोरखपुर

**पथ प्रकाश विभाग द्वारा मोहर्रम पर्व पर अस्थाई प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराये जाने हेतु, दरो की अल्पकालीन निविदा हेतु विस्तृत नियम एवं शर्तें–**

1. सर्वसाधारण ठेकेदार/फर्म से मोहर्रम पर्व पर अस्थाई प्रकाश व्यवस्था हेतु विभिन्न विद्युत सामग्रियों की दर प्राप्त किये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. निविदादाता को सत्यंकार धनराशि के रूप में रूपया 50,000.00 का एन.सी.आर./एफ.डी.आर. जो प्रभारी अधिकारी, पथ प्रकाश, नगर निगम गोरखपुर के पक्ष में बंधक होगा, मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा की दरे स्पष्ट रूप से शब्दो तथा अंको मे निर्धारित स्थान पर अंकित होने चाहिये।
4. डाक द्वारा प्राप्त केवल उन्ही निविदाओ पर विचार किया जायेगा जो नियत अवधि के अन्दर प्राप्त होगें।
5. निविदा प्रपत्र पर निविदादाता के स्पष्ट हस्ताक्षर होने चाहिये।
6. निविदादाता द्वारा निविदा में निम्न प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   a. निविदा मूल्य की मूल रशीद जमा करना अनिवार्य होगा।
   b. जीएसटी रजिस्ट्रेशन की कापी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   c. पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि की छायाप्रति।
   d. उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु विद्युत लाइसेन्स की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
   e. काली सूची में न होने की नोटरी शपथ पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
7. अनुबन्ध स्टैम्प पेपर ट्रेजरी (कोषागार) से सीधे क्रय करना अनिवार्य है।
8. निविदा प्राप्त करने की तिथि मे यदि अवकाश हुआ तो अगले कार्य दिवस मे निविदा प्राप्त व खोली जायेगी।
9. सफल निविदादाता द्वारा यदि समय से कार्य पूर्ण नही किया गया तो नगर आयुक्त नगर निगम को यह अधिकार होगा कि वह कार्य को किसी अन्य से करा लें तथा इस प्रक्रिया मे जो निगम को अधिक व्यय करना होगा वह निविदादाता के धरोहर धनराशि से जब्त करके पूर्ण करके पूर्ण कर लिया जायेगा।
10. निविदाये सिर्फ प्रति अदद की दरो हेतु मांगी गयी है। आवश्यकतानुसार अस्थाई प्रकाश व्यवस्था हेतु आदेश दी जायेगी तथा स्वीकृत दर पर न्यूनतम निविदादाता को अस्थाई प्रकाश व्यवस्था करनी होगी।
11. सफल निविदादाता को कार्यादेश प्राप्त होने के तीन दिन के अन्दर उचित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर इकरारनामा करके कार्य मूल्य का 10 प्रतिशत की दर से जमानत की धनराशि जमा करना होगा।
12. फर्म द्वारा समय के अन्दर अस्थाई प्रकाश व्यवस्था पूर्ण न किये जाने की दशा मे अर्थ दण्ड देय होगा।
13. किसी या सभी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर के पास सुरक्षित होगा। किसी भी विवाद के सम्बन्ध मे नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
14. निविदा सूचना नगर निगम बेबसाइट www.nagarnigamgkp.org पर उपलब्ध रहेगी।

**प्रभारी अधिकारी (पथ प्रकाश)**
नगर निगम, गोरखपुर।

**नगर आयुक्त**
नगर निगम, गोरखपुर

# कार्यालय : नगर निगम, गोरखपुर।

## निविदा सूचना (मैनुअल पद्वति)

सर्वसाधारण समस्त अधिकृत फर्मो एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित पथ प्रकाश से सम्बन्धित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित नियम–शर्ते नगर निगम की वेबसाइट "http://nagarnigamgkp.org" पर उपलब्ध होगा।

| क्र0 सं0 | जॉब संख्या/कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | वार्ड नं0 42 पुर्दिलपुर में नेशनल मेडिकल स्टोर के पीछे मा0 पार्षद आवास होते हुए बेयरिंग मार्केट रोड तक समुचित प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाईट लगाये जाने का कार्य। | 3,13,655.80 | 32000.00 | 380.00 | 31 / 07 / 2023 03:00 PM |

नगर निगम में निविदा प्रपत्र का मूल्य जमा करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र दिनाँक 17/07/2023 से 27/07/2023 तक नगर निगम के पथ प्रकाश विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा की नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस पर पथ प्रकाश कार्यालय में देखा जा सकता है। इच्छुक ठेकेदारों से अनुरोध है कि निविदा से सम्बन्धित सूचना नगर निगम वेबसाईट "http://nagarnigamgkp.org"को देखते रहें क्योंकि निविदाओं के सम्बन्ध में कोई बदलाव अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाईट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।

13/7/23
प्रभारी अधिकारी (प0प्र0)
नगर निगम, गोरखपुर

13/7/23
नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर

# नगर निगम, गोरखनपुर

## अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण समस्त अधिकृत फर्मो एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित पथ प्रकाश से सम्बन्धित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित नियम–शर्ते नगर निगम की वेबसाइट "http://nagarnigamgkp.org" पर उपलब्ध होगा।

| क्र0 सं0 | जॉब संख्या/कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 में ) | धरोहर धनराशि (रू0 में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | वार्ड नं0 42 पुर्दिलपुर में नेशनल मेडिकल स्टोर के पीछे मा0 पार्षद आवास होते हुए बेयरिंग मार्केट रोड तक समुचित प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाईट लगाये जाने का कार्य। | 3,13,655.80 | 32000.00 | 380.00 | 31/07/2023 03:00 PM |

**नियम – शर्ते :–**

1– धरोहर धनराशि एन.एस.सी./सी.डी.आर./एफ.डी.आर. के रूप मे मान्य होगा, जो प्रभारी अधिकारी (पथ प्रकाश) नगर निगम गोरखपुर के पक्ष मे बंधक होगा।

2– धरोहर धनराशि की एन.एस.सी./सी.डी.आर./एफ.डी.आर. ठेकेदार को मूल रूप से निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

3– निविदादाता को निविदा की दरे स्पष्ट रूप से शब्दो व अंको मे निर्धारित स्थान पर साफ–साफ अंकित करनी होगी। निविदा फार्म नगद भुगतान कर, (जो वापस नहीं होगी) निविदा प्रकाशित होने के दिनांक 17/7/2023 से दिनांक 27/7/2023 तक ही किसी भी कार्य दिवस मे पथ प्रकाश कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है

4 कार्य हेतु ठेकेदार को आगणन धनराशि का 10 प्रतिशत एन.एस.सी./सी.डी.आर./एफ.डी.आर. के रूप मे जमानत धनराशि जमा करनी होगी।

5– डाक द्वारा प्राप्त निविदाओ पर विचार नहीं किया जायेगा।

6– निविदा प्रपत्र पर निविदादाता के स्पष्ट हस्ताक्षर होने चाहिये।

7– अनुबन्ध स्टैम्प पेपर ट्रेजरी (कोषागार) से सीधे क्रय करना अनिवार्य है।

8– निविदा प्राप्त करने की तिथि में यदि अवकाश हुआ तो अगले कार्य दिवस मे निविदा प्राप्त व खोली जायेगी।

9– निविदादाता द्वारा निविदा में निम्न प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

I. निविदा मूल्य की मूल रशीद जमा करना अनिवार्य होगा।

II. अनुभव प्रमाण पत्र।

III. जीएसटी रजिस्ट्रेशन की कापी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

IV. पैन कार्ड एवं अद्यतन ITR.

V. संस्था के प्रकरण में पार्टनरशिप डीड अनुबन्ध की अभि–प्रमाणित प्रति।

10– विद्युत सम्बन्धी कार्यो हेतु वहीं ठेकेदार पात्र होगें जो विद्युत सुरक्षा निदेशालय से "क" श्रेणी में पंजिकृत हों। "क" श्रेणी वर्ष 2022–23 का जारी प्रमाण पत्र निविदा के साथ मूल रूप में स्कैन करते हुये संलग्न करना अनिवार्य होगा। जब तक विभाग को कार्य का हस्तान्तरण नहीं हो जाता है तब तक लगने वाले समस्त विद्युत सामग्री का रख–रखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की ही होगी।

11– सफल निविदादाता द्वारा कराये गये कार्यो की 1 वर्ष की गारंटी देना अनिवार्य होगा।

12– सफल निविदादाता द्वारा यदि समय से कार्य पूर्ण नही किया गया तो नगर आयुक्त, नगर निगम को यह अधिकार होगा कि वह कार्य को किसी अन्य से करा लें तथा इस प्रक्रिया

में जो निगम को अधिक व्यय करना होगा वह निविदादाता के धरोहर धनराशि से जब्त करके पूर्ण करके पूर्ण कर लिया जायेगा।

13– सफल निविदादाता को कार्यादेश प्राप्त होने के तीन दिन के अन्दर उचित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर इकरारनामा करके कार्य मूल्य का 10 प्रतिशत की दर से जमानत की धनराशि जमा करना होगा।

14– निविदा सूचना नगर निगम बेबसाइट www.nagarnigamgkp.org पर उपलब्ध रहेगी।

15– किसी या सभी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम गोरखपुर के पास सुरक्षित होगा। किसी भी विवाद के सम्बन्ध मे नगर आयुक्त, नगर निगम गोरखपुर का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा ।

प्रभारी अधिकारी पथ प्रकाश
नगर निगम गोरखपुर

नगर आयुक्त
नगर निगम गोरखपुर ।